दिनांक 19 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बिना मास्क पहने घूमते हुए पाए जाने पर 1500 रुपए का लगाया गया जुर्माना

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत उड़नदस्ता की टीम एवं नगर निगम की जोन स्तर की टीम लगातार दुकानों , व्यवसायिक क्षेत्रों, बाजारों आदि का निरीक्षण कर रही है और आदेशों का उल्लंघन करने वाले ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जा रही है! आज नगर पालिक निगम भिलाई की उड़नदस्ता टीम के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 14 जवाहर नगर के क्षेत्र में सुरेंद्र कुमार द्वारा मास्क या फेस कवर करने के लिए कुछ भी नहीं लगाए जाने पाने पर इस व्यक्ति से 1500 जुर्माना वसूल किया गया! वार्ड क्रमांक 11 रामनगर के प्रेम किराना दुकान में दुकानदार मुन्ना साव द्वारा तंबाकू युक्त गुटखा , सिगरेट एवं अन्य सामग्री का विक्रय किया जा रहा था जिस पर सामग्री जप्त करते हुए 1000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया! वार्ड क्रमांक 23 जवाहर मार्केट कैंप दो के विजय कुमार द्वारा महाराष्ट्र डेयरी में डोसा , सांभर, बड़ा, इटली जैसे खाद्य सामग्री का दुकान खोलकर विक्रय किए जाने पर 25000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया! आज दिनभर निगम की टीम शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करती रही!

संलग्न फोटो

जनसंपर्क अधिकारी